Roll No.----------------------

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 3 | 8 | 7 |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

O.M.R. Serial No.

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
Question Booklet Series
**C**

# B.Ed.-First Year (Second Semester) Examination, July-2022

## (B.Ed.206)

## Pedagogy of Hindi Language

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-80**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET) में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर दिया जाता है, तो उसे गलत उत्तर माना जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी ओ०एम०आर० शीट उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

**K-387**

**Rough Work / रफ कार्य**

1. हिन्दी भाषा शिक्षण में पाठ्य–सहगामी क्रियाओं के संचालन में क्या सावधानी आवश्यक है ?

(A) एक क्रिया को महत्व न देना, उच्च अधिकारियों का हस्तक्षेप कम हो

(B) वित्तीय साधन की व्यवस्था, शैक्षिक नैतिक मूल्य निर्धारित हो

(C) बाह्य की अपेक्षा आन्तरिक परिणामों को महत्व व कई पाठ्य सामग्री एक साथ प्रयोग न हो

(D) उपरोक्त सभी कथन सत्य है

2. हिन्दी भाषा शिक्षण में अन्त्याक्षरी पाठ्य सहगामी क्रिया के द्वारा छात्रों की किस क्षमता का विकास किया जा सकता है ?

(A) छात्रों की गायन प्रवृति का विकास

(B) समूह–सहयोग का विकास

(C) काव्य अध्ययन, काव्य चयन, वस्मरण शक्ति का विकास

(D) छात्रों में अन्य विषयों से सह–सम्बन्ध की प्रवृति का विकास

3. हिन्दी भाषा शिक्षण में भाषण सहगामी क्रिया में छात्रों की क्या भूमिका है ?

(A) शिक्षकों का अनुसरण करना

(B) भाषण क्रिया के द्वारा शुद्ध उच्चारण, भाषा शैली भौतिक प्रस्तुतीकरण, भाषण की रोचकता स्थापित करना

(C) विषय–वस्तु का विकास करके अपने प्रभाव को उपस्थित करना

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

4. पाठ्य सहगामी क्रियाओं में ''वाद–विवाद पाठ्य सहगामी की क्रिया'' का क्या महत्व है ?

(A) इस क्रिया से छात्रों की अभिरूचियों, अभिप्रवृतियों, अपनी क्षमता को विकसित करते हुए सर्वांगीण विकास करना

(B) छात्रों की स्वतंत्रता देकर सीखने का विकास

(C) पूर्व ज्ञान के अनुभव के आधार पर नये ज्ञान को ग्रहण करना

(D) उक्त कथन असत्य है

5. हिन्दी भाषा में अधिकांश कौन पाठ्य सहगामी क्रियायें प्रयोग की जाती है ?

(A) परिचर्चा, वाद–विवाद, खेल, कार्यशाला, विचार गोष्ठी, निबन्ध लेखन व कथा कथन व लेखन

(B) बाह्य भौतिक साधनों द्वारा पाठ्योजना को विकसित करना

(C) चिंतन, मनन, अवलोक विश्लेषण, क्रियाशीलता

(D) उपरोक्त कथनों में कोई नहीं

6. हिन्दी शिक्षण में पाठ्य–सहगामी क्रियाओं के संचालन में क्या कठिनाईयाँ आती है ?

(A) अन्धानुकरण, साधनों का अभाव, शिक्षकों की अरूचि

(B) समय सारणी में कम महत्व व परीक्षा केन्द्रित शिक्षा प्रणाली

(C) अधिकारियों का असहयोग, सीमित क्रियायें व संकीर्ण–विचारधारा

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

7. हिन्दी शिक्षण में पाठ्य–सहगामी क्रियाओं के उद्देश्य क्या है ?

(A) विविधता, शिक्षक पथ–प्रर्दशक रूप में व क्रियाओं के चयन में स्वतन्त्रता

(B) पर्याप्त साधनों की पूर्ति, उचित निरीक्षण

(C) शैनः–शैन क्रियान्वित करना, विद्यार्थियों को सहयोग

(D) उपरोक्त सभी कथन सत्य है

8. ''सहगामी क्रियाएँ स्कूल गतिविधियों का अभिन्न अंग है, इसकी आवश्यकता पाठ्यक्रम को पूर्ण करने एवं संगठित करने के पूर्व विचार के लिए होता है''

उक्त कथन पाठ्य सहगामी क्रियाओं के बारे में किस आयोग ने दी है ?

(A) शिक्षा शब्दकोष

(B) माध्यमिक शिक्षा आयोग

(C) विश्व विद्यालय शिक्षा आयोग

(D) सैडलर शिक्षा आयोग

9. हिन्दी शिक्षण में मूल्यांकन विधियाँ कितने प्रकार की है ?

(A) तीन

(B) चार

(C) दो

(D) पाँच

10. श्रव्य–दृश्य सामग्री में एल० सी० डी० प्रोजेक्टर की क्या उपयोगिता है ?

(A) छात्रों में बोधगम्यता, ग्राहय शक्ति का विकास

(B) पाठ्य–वस्तु में रूचि बढ़ाना, बड़े समूह को शिक्षण दे सकते है

(C) स्मरण शक्ति में विकास, चित्र को दुबारा दिखा सकते है व रख–रखाव सरल है

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

11. श्रव्य सामग्री में ग्रामोफोन के शैक्षिक लाभ क्या है ?

(A) दूर बैठ कर छात्रों लाभ, महान व्यक्तियों के भाषण, आवाज अनुभवों को सुन सकते है

(B) ज्ञानवर्धक नाटकों को सुन सकते है, सामूहिक रूप से ज्ञान दे सकते है

(C) छात्रों की कल्पना शक्ति में विकास होता है

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

12. दृश्य श्रव्य सामग्री में प्रोजेक्टर कितने प्रकार के प्रयोग किये जाते है ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

13. दृश्य–श्रव्य सामग्री में चार्ट के कितने प्रकार होते है ?

(A) टी चार्ट

(B) प्रवाह चार्ट

(C) तालिका चार्ट

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

14. दृश्य–श्रव्य सामग्री के सहायक साधन के रूप में चॉक बोर्ड की क्या सीमायें है ?

(A) शिक्षक द्वारा लिखते समय छात्रों से सम्पर्क नहीं रहता है

(B) शिक्षक द्वारा बोर्ड पर लिखते समय आंशिक रूप छात्रों को दिखाई देता है

(C) सुलेख पूर्ण लिखित विषय–वस्तु न होने पर छात्र शुद्ध नहीं लिख पाते है

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

15. दृश्य–श्रव्य सामग्री के कितने प्रकार है ?

(A) चार

(B) पाँच

(C) तीन

(D) छैः

16. हिन्दी शिक्षण में दृश्य–श्रव्य सामग्री के क्या उद्देश्य है ?

(A) विषय–वस्तु पर ध्यान का केन्द्रीकरण निरीक्षण शक्ति का विकास

(B) विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करना, तथ्यात्मक सूचनायें देना

(C) भाषागत दोषों व भ्रमों को दूर करना, अर्जित ज्ञान को स्थाई बनाना

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

17. ''दृश्य–श्रव्य उपकरण कोई युक्ति है जिसके द्वारा अधिगम–प्रक्रिया दृष्टि और अनुभूति के माध्यम से अग्रसारित अथवा प्रोत्साहित हो सकती है''

उपरोक्त परिभाषा किस ने दी है ?

(A) एम० पी० मफात

(B) शिक्षा शब्दकोष

(C) एडगर डेल

(D) क्रो एवं क्रो

18. हिन्दी शिक्षण में दृश्य–श्रव्य सामग्री का क्या अर्थ है ?

(A) दृश्य–श्रव्य सामग्री से पाठ्य योजना रोचक बना सकते है

(B) दृश्य–श्रव्य सामग्री से शिक्षक की रूचि में विकास

(C) दृश्य–श्रव्य सामग्री को देखकर, सुनकर व प्रयोग करके निर्धारित ज्ञान को सीख कर स्थाई रूप से मस्तिष्क में बिठा लेते है

(D) दृश्य–श्रव्य सामग्री छात्रों की अरूचि बढ़ाती है

19. हिन्दी भाषा शिक्षण में वाचन (उच्चारण) कौशल में अशुद्धियों के क्या कारण है ?

(A) दृष्टि दोष, वाणी दोष व असावधानी

(B) शिक्षक का कठोर व्यवहार, छपाई में त्रुटियाँ

(C) कक्षा का तनावपूर्ण वातावरण, मार्ग दर्शन का अभाव पाठ्य वस्तु का कठिन व अरूचिकर होना

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

20. हिन्दी शिक्षण में कौशल प्रयोग के लिए शिक्षक को क्या सावधानी रखना आवश्यक है ?

(A) प्रश्न–पूर्व आधारित हो, सरल से कठिन क्रम में हो

(B) प्रश्न प्रकरण से सम्बन्धित हो

(C) प्रश्नों की भाषा सरल हो, प्रश्न एकार्थी हो

(D) उक्त कथन सत्य है

21. लेखन कौशल में लिपि का क्या अर्थ है ?

(A) शब्दों को दोहराना व लिखना

(B) अपने भावों को रेखाओं, चित्रों व चिन्हों आदि से व्यक्त करना

(C) लिखे शब्दों को पुनः लिख कर पुनरावृति करना

(D) किसी भाव को लिख कर विश्लेषण करना

22. लेखन (वर्तनी) कौशल में क्या बालक को शब्द कला करने के स्थान पर क्या करना आवश्यक है ?

(A) चित्रकारी

(B) खेल

(C) नाटक

(D) पर्यटन

23. हिन्दी भाषा में गद्य–पद्य के सस्वर पठन में क्या अन्तर है ?

(A) गद्य पठन में गति प्रधान पद्य में कविता के भाव प्रमुख है

(B) गद्य को सामान्य भाव से पढ़ते है जबकि पद्य को उच्च स्वर में पठन करते है

(C) गद्य पठन में स्पष्ट अक्षरोच्चारण ऊंचि ध्वनि निर्गम व विराम चिन्हों का ध्यान, पद्य में भाव, छन्द के अनुसार आरोह–अवरोह में पठन करते है

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

24. पठन कौशल का अर्थ पढ़ने से है किन्तु इस प्रक्रिया के प्रमुख तत्व क्या है ?

(A) किसी की बातों को दोहराना व लिखना

(B) पाठ्य–पुस्तक को पढ़ना, परीक्षा बाद भूल जाना

(C) पठन–क्रिया, अर्थ, बोध व भावानुभूति

(D) उपरोक्त कथन असत्य है

25. श्रवण कौशल की विधियाँ क्या है ?

(A) प्रश्नोत्तर, सस्वर, भाषण विधियाँ

(B) कहानी कहना व सुनना, श्रुत लेख विधियाँ

(C) वाद–विवाद एवं दृश्य–श्रव्य सामग्री विधियाँ

(D) उपरोक्त सभी कथन सत्य है

26. हिन्दी शिक्षण में श्रवण कौशल का क्या अर्थ है ?

(A) नाटक द्वारा सीखना

(B) लोगों को भाव अभिव्यक्त करते सीखना

(C) लोगों की बातों का अनुसरण करना

(D) कानों द्वारा ध्वनियों को स्वीकार कर मस्तिष्क में उसकी अनुभूति कर श्रवण करना

27. हिन्दी भाषा के अन्तर्गत भाषा कौशल में प्रवीण होने के लिए कौन सा घटक महत्वपूर्ण है ?

(A) सतत् एवं गम्य अभ्यास

(B) दूसरों को देख एवं सुन कर सीखना

(C) भाषा को लिख कर सीखना

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

28. हिन्दी भाषा में व्याकरण पाठ् योजना के उपविषय ''अनुप्रास, यमक अलंकार'' के शिक्षण में विशिष्ट उद्देश्य क्या होगा ?

(A) छात्रों को अलंकार की विद्याओं से अवगत करना

(B) छात्रों द्वारा उदाहरण प्रस्तुत करने को कहना

(C) छात्रों को उदाहरणों के माध्यम से अनुप्रास व यमक अलंकार की परिभाषा का विश्लेषण करते हुए विशेषताऐं बताना

(D) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं

29. हिन्दी पाठ् योजना में ब्लूम्स पाठ् योजना में उद्देश्यों को कितने वर्गो में बाँटा गया है ?

(A) चार

(B) छैः

(C) पाँच

(D) सात

30. आर० सी० ई० एम० दृष्टि कोण के क्या सोपान है ?

(A) पाठ् योजना के उद्देश्य, क्रियान्वन, अवलोकन एवं मूल्यांकन

(B) अदा (व्यवहार), प्रक्रिया व प्रदा

(C) मनन, चिन्तन, क्रियान्वन व पुनरावृति

(D) ज्ञान, अवबोध, प्रयोग एवं रचनात्मक क्षमता

31. हिन्दी पाठ् योजना के अन्तर्गत आर० सी० ई० एम० पाठ्य योजना का निर्माण किस संस्थान ने किया था ?

(A) किशोरी रमण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मथुरा उ०प्र०

(B) रीजनल कॉलेज ऑफ एजूकेशन अजमेर राजस्थान

(C) रीजनल कॉलेज ऑफ एजूकेशन, मैसूर

(D) इलाहाबाद मनोविज्ञान संस्थान प्रयागराज उ०प्र०

32. हिन्दी भाषा पाठ्–योजना के अन्तर्गत एन० सी० ई० आर० टी० पाठ्–योजना के विशिष्ट उद्देश्य क्या है?

(A) नियोजन, अवलोकन, विश्लेषण पुर्नबलन

(B) नियोजन, उद्देश्य निर्धारण व क्रियान्वन

(C) ज्ञानात्मक, अवबोधात्मक, अनुप्रयोगात्मक, कौशलात्मक, अभिरूच्यात्मक एवं अभिवृत्यात्मक

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

33. हिन्दी भाषा में हरबर्ट पाठ्य योजना के प्रमुख बिन्दु क्या है ?

(A) प्रस्तावना, प्रस्तुतीकरण जोड़ना, सामान्यीकरण अनुप्रयोग एवं सारांश

(B) प्रस्तावना, उद्देश्य, मौन पाठन व सारांश

(C) पाठ का नियोजन, अवलोकन एवं विश्लेषण

(D) उपरोक्त कथन असत्य है

34. हिन्दी भाषा में पाठ् योजना के प्रमुख मूल रूपरेखा क्या है ?

(A) पाठ् योजना के उद्देश्य, पाठ्य–वस्तु, विधि एवं मूल्यांकन

(B) पाठ् योजना का ज्ञान, क्रियान्वन व विश्लेषण

(C) पाठ् योजना का नियोजन, संश्लेषण व विश्लेषण

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

35. व्याकरण शिक्षण में रूचि सम्बन्धी उद्देश्य क्या है ?

(A) शुद्ध भाषा सीखने व प्रयोग का ज्ञान, भाषा के गुण दोष परखने की क्षमता का विकास करना

(B) व्याकरण सम्मत भाषा के प्रति आदर करना

(C) भाषा व साहित्य की समीक्षा करना

(D) उपरोक्त सभी कथन सत्य है

36. व्याकरण शिक्षण का मूल उद्देश्य क्या है ?

(A) भाषा को शुद्ध रूप पहचानने में विद्यार्थी को सक्षम एवं समर्थ बनाना

(B) शब्दों को सही रूप से पहचानने में सक्षम करना

(C) शब्द समूह से उचित वाक्य रचना का विकास करना

(D) शुद्ध उच्चारण, पाठन व अवलोकन करने में सक्षम बनाना

37. ''पाठ योजना शिक्षक द्वारा कक्षा में की जाने वाली क्रियाओं की क्रमबद्ध योजना है''
पाठ् योजना की परिभाषा किस विद्वान ने दी है ?
(A) जी० एच० ग्रीन
(B) एल० वी० स्टैण्ड
(C) विनिंग एण्ड विनिंग
(D) जोसफ लैण्डन

38. हिन्दी भाषा शिक्षण में पाठ्य योजना का क्या महत्व है ?
(A) पाठ्य–वस्तु ज्ञान को कक्षा में क्रियान्वन करना
(B) पाठ्य–वस्तु के प्रमुख बिन्दुओं का विस्तार कैसे किया जाए
(C) पाठ्य बिन्दुओं का दैनिक जीवन की परिस्थितियों से सम्बन्ध स्थापित किया जाए
(D) उक्त सभी कथन सत्य हैं

39. हिन्दी भाषा में व्याकरण शिक्षण को किस दूसरे नाम से जानते है ?
(A) अर्थानुशासन
(B) शब्दानुशासन
(C) वाक्यानुशासन
(D) सुन्दराशासन

40. कहानी शिक्षण विधि में अधूरी कहानी पूर्ति प्रणाली में कौन–कौन घटक प्रमुख होते है ?
(A) शीर्षक देकर, कहानी के प्रारम्भ को दो–तीन वाक्य देकर एवं सामान्य रूपरेखा देकर
(B) कहानी की पूर्व घटना बताकर पूर्ण करना
(C) मूल कहानी के घटनाक्रम को बता कर पूर्ण करना
(D) पात्रों का एक दूसरे से सह–सम्बन्ध बताकर घटनाक्रम से जोड़कर

41. हिन्दी भाषा में कहानी शिक्षण की प्रमुख विशेषता क्या होनी आवश्यक है ?
(A) कौतूहल, जिज्ञासा, जीवन की वास्तविकता
(B) कहानी का उद्देश्य निर्धारण
(C) भावनाओं की प्रधानता एवं वास्तविकता व कल्पना का समावेश
(D) उपरोक्त सभी कथन सत्य है

42. हिन्दी भाषा में कहानी शिक्षण की निम्न परिभाषा लेखक ने दी है ?

''कहानी एक लघु वर्णनात्मक रचना है जिसमें वास्तविक जीवन को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाता है''–

(A) कोवोल्ड

(B) चार्ल्स वैरेट

(C) पं० जयशंकर प्रसाद

(D) मिल्टन

43. हिन्दी भाषा शिक्षण में नाटक शिक्षण प्रणाली समय काल से कैसी है ?

(A) अत्यधिक प्राचीन विधि

(B) मध्यकालीन विधि

(C) विकासोन्मुख विधि

(D) पद्यांश प्रस्तुतीकरण विधि

44. नाटक शिक्षण की प्रमुख विधि क्या है ?

(A) अर्थबोध, रंगमंच, कक्षाभिनय व समवाय विधि

(B) भाव प्रदान, इन्द्रिय मंचन

(C) व्याख्यान, अवलोकन व विश्लेषण

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

45. पद्य हिन्दी शिक्षण की प्रमुख विधि क्या है ?

(A) बाल गीत व नाट्य, अभिनय, शब्दार्थ कार्य कथन, प्रश्नोत्तर विधियाँ

(B) व्याख्या, व्यास, व तुलना विधि

(C) आदर्श एवं रसास्वादन विधि

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

46. हिन्दी भाषा शिक्षण में संस्कृत साहित्य के आचार्य क्या मानते है ?

(A) काव्य

(B) संग्रह रूपक

(C) लोकामति

(D) भावों की प्रस्तुतीकरण

47. हिन्दी भाषा पद्य शिक्षण के प्राथमिक स्तर पर क्या उद्देश्य है ?

(A) भावों को समझने की क्षमता का विकास

(B) कविता का कंठस्थीकरण, रंगमंच से कविता की प्रस्तुतीकरण

(C) कविता में रूचि उत्पन्न करना सामूहिक गीत गायन से एकता उत्पन्न करना

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

48. हिन्दी भाषा पद्य शिक्षण की निम्न परिभाषा के लेखक कौन है ?

''पद्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है''–

(A) पं० रामचन्द्र शुक्ल

(B) पं० जयशंकर प्रसाद

(C) आचार्य बामन

(D) आचार्य कुन्तक

49. हिन्दी भाषा गद्य शिक्षण की विधि क्या है ?

(A) अर्थकथन, व्याख्यान, विश्लेषण व समीक्षा विधि

(B) अवलोकन, विश्लेषण एवं संश्लेषण विधि

(C) पर्यटन, विमोचन, चिन्तन विधि

(D) प्रयोगात्मक विश्लेषण, गायन आरोह विधि

50. हिन्दी भाषा गद्य शिक्षण के उद्देश्य क्या है ?

(A) वर्णो, शब्दों एवं वाक्यों के उच्चारण में शुद्धता विकसित करना

(B) विचारों, शब्दों, रूटोक्तियों, लोकोक्तियों, सूक्तियों व कथाओं के कोष में विस्तार

(C) चिन्तन में स्पष्टता, संगतता व क्रमबद्धता उत्पन्न करना

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

51. हिन्दी गद्य के अन्तर्गत निबन्ध गद्य शैली के अनुसार कितने वर्गों में देखने को मिलता है ?

(A) पाँच

(B) चार

(C) तीन

(D) सात

52. हिन्दी गद्य शिक्षण का प्रसार कितने वर्षो में वर्तमान अवस्था की स्थिति में आया ?

(A) 50 वर्षो में

(B) 120 वर्षो में

(C) 100 वर्षो में

(D) 80 वर्षो में

53. हिन्दी भाषा शिक्षण विधियों एवं प्रविधियों में मूलभूत अन्तर क्या है ?

(A) शिक्षण विधि पाठ्य वस्तु की प्रस्तुतीकरण बताती है जबकि प्रविधि शिक्षण–लक्ष्यों को प्राप्त करने का साधन है

(B) शिक्षण विधि छात्र को सचेत करती है प्रविधि लक्ष्य देती है

(C) पाठ्य वस्तु को सूक्ष्म विधि बनाती है, प्रविधि मूलतथ्य बताती है

(D) उपरोक्त कथन असत्य है

54. हिन्दी शिक्षक के शिक्षण अवधि में क्या प्रमुख कार्य है ?

(A) उपयुक्त विषयों का चयन करने में मदद, पाठ्य सहगामी क्रिया के चयन में सहायक

(B) स्वस्थ वातावरण स्थापित कर छात्रों को अधिक से अधिक जानकारी देना

(C) मूल्यांकन योग्यता का विकास, त्रुटि सुधारने की योग्यता में वृद्धि

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

55. हिन्दी शिक्षक में किस गुण का होना हिन्दी शिक्षण के लिए हानिकारक है ?

(A) व्यक्तित्व सम्बन्धी गुण शिक्षण विधियों का ज्ञान

(B) धैर्य व आत्मसंयम, रचनात्मक विचारधारा

(C) छात्रों से दूरी बनाये रखना, कठोर अनुशासन बनाये रखना

(D) व्यावहारिकता व्यावसायिक गुण, प्रशासकीय योग्यता का होना

56. एक हिन्दी शिक्षक के विशेष तथ्य क्या है ?

(A) शिक्षक को मृदुभाषी होना

(B) छात्रों से व्यावहारिक सह–सम्बन्ध बनाना

(C) समाज की उन्नति, मनुष्यों का निर्माणकर्ता, छात्रों का व्यक्तित्व विकास एवं सम्पूर्ण राष्ट्र का निर्माण करता है

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

57. हिन्दी भाषा शिक्षण में अन्य विषय से सहसम्बन्ध स्थापित करने के लिये क्या सावधानी रखनी है ?

(A) सह–सम्बन्ध विषय की प्रकृति के अनुकूल हो

(B) हिन्दी शिक्षण के पहले दूसरे विषय को पूर्णता समझाकर हिन्दी विषय वस्तु स्पष्ट करें

(C) सह–सम्बन्ध छात्रों के अर्जित ज्ञान पर आधारित एवं मानसिक स्तर के अनुकूल हो

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

58. हिन्दी भाषा शिक्षक द्वारा विज्ञान से सहसम्बन्ध स्थापित करने के लिए किस योग्यता का होना आवश्यक है ?

(A) हिन्दी भाषा विषय वस्तु को रोचक आकर्षक बनाना

(B) विज्ञान विषय वस्तु को लयबद्ध प्रस्तुत करना

(C) शिक्षक को विज्ञान विषय वस्तु का समग्र ज्ञान का होना

(D) उपरोक्त कथन असत्य है

59. ''इतिहास का सम्बन्ध नाटक से है तो भूगोल का सम्बन्ध रंगमंच से है''– हिन्दी का सम्बन्ध। उक्त कथन किस विद्वान ने दिया है ?

(A) फेयर ग्रीव

(B) नरेश सुदास

(C) डॉ० चन्द्रबली पाण्डेय

(D) स्टार्ड

60. हिन्दी भाषा के अन्य विषयों से सहसम्बन्ध स्थापित करने के लिये क्या उद्देश्य निर्धारित है ?

(A) छात्रों को ज्ञान से समग्र परिचय देना, मानसिक विकास करना

(B) विषय वस्तु को रोचक आकर्षक बनाना, विषय का व्यावहारिक ज्ञान देना

(C) हिन्दी का अन्य विषयों से सम्बन्ध स्थापित करना एवं छात्रों के श्रम, शक्ति व समय को बचाना

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

61. हिन्दी शिक्षण प्रविधियों की विशेषताएं क्या है ?

(A) विषय में रूचि उत्पन्न करना, उद्देश्यों की प्राप्ति, स्वाध्याय बढ़ाना

(B) छात्रों में तर्क, निर्णय विश्लेषण शक्ति का विकास करना

(C) स्वयं समाजिकता का विकास, सक्रियता बढ़ाना एवं बौद्धिक व व्यावहारिक क्रियाओं द्वारा ज्ञानार्जन करना

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

62. ''शिक्षण प्रविधि शिक्षक द्वारा संचालित वह क्रिया है जिससे छात्रों को ज्ञान की प्राप्ति होती है'' उक्त हिन्दी शिक्षण प्रविधि के लेखक कौन है ?

(A) विनिंग

(B) बेस्ले

(C) बी० ओ० स्मिथ

(D) ब्राउडी

63. हिन्दी भाषा शिक्षण की आगमन शिक्षण विधि का प्रमुख दोष क्या है ?

(A) परिश्रम व समय अधिक, प्राप्त नियम कम शुद्ध, निष्कर्ष नियायिक नहीं एवं उच्च कक्षाओं के लिये उपयोगी नहीं

(B) शिक्षण विधि स्पष्ट नहीं, विषय वस्तु जटिल

(C) शिक्षक की भूमिका नाग्यण, समय अधिक लगता है

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

64. हिन्दी शिक्षण में वेस्ट की विधि या नवीन विधि के जनक कौन थे ?

(A) डॉ० धीरेन्द्र वर्मा

(B) महर्षि पंतजलि

(C) ओटो जस्पर्सन

(D) डॉ० माइकेल वेस्ट

65. हिन्दी भाषा शिक्षण की ''प्रत्यक्ष विधि'' क्या है ?

(A) जिस विधि में नवीन ज्ञान उसी प्रकार सिखाया जाता है जिस विधि से बालक अपनी मातृ भाषा को सीखता है

(B) नवीन ज्ञान को पूर्व ज्ञान के आधार पर सीखाना

(C) शिक्षण विधि को प्रेरणा युक्त बनाकर रूचि उत्पन्न करना प्रत्यक्ष विधि है

(D) उपरोक्त कथन सत्य है

66. हिन्दी शिक्षण विधि को प्रभावित करने वाले कारक क्या है ?

(A) शिक्षण उद्देश्य, शिक्षक, विद्यार्थी एवं पाठ्य–वस्तु से सम्बन्धित कारक

(B) पाठ्य–वस्तु, विश्लेषण एवं अवलोकन कारक

(C) संश्लेषण, विश्लेषण एवं शिक्षक सम्बन्धित कारक

(D) वैयक्तिक विभिन्नता, रूचि एवं प्रेरणा कारक

67. हिन्दी शिक्षण पद्धतियों का मूलभूत सिद्धान्त क्या है ?

(A) निश्चित उद्देश्य, करके सीखना, प्रेरणा एवं रूचि का सिद्धान्त

(B) व्यावहारिक जीवन उपयोगी, नियोजन, मनोरंजन व पाठ्यक्रम चयन के सिद्धान्त

(C) पुनरावृत्ति, विभाजन एवं वैयक्तिक विभिन्नता का सिद्धान्त

(D) उपरोक्त सभी कथन सत्य है

68. हिन्दी शिक्षण की विधियों की मुख्य विशेषता क्या है ?

(A) निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति, प्रयोगात्मक हो व चयन व्यक्तिगत आधार पर हो

(B) शिक्षक को उचित अनुचित का ज्ञान करायें, छात्रों में अच्छी आदतों का निर्माण करें

(C) विषय–वस्तु के प्रति रूचि बटाये, छात्रों में सक्रियता का विकास करें

(D) उक्त सभी कथन सत्य है

69. "शिक्षण विधि शिक्षा प्रक्रिया का गतिशील कार्य है" उक्त हिन्दी शिक्षण की परिभाषा किस विद्वान ने दी है ?

(A) विनिंग एण्ड विनिंग

(B) वेस्ले

(C) गाँधी जी

(D) विनिंग

70. शिक्षण विधि क्या है ?

(A) पाठ्य–वस्तु का प्रस्तुतीकरण करना शिक्षण विधि है

(B) पाठ्य–वस्तु को आत्म–सात करना शिक्षण विधि है

(C) अपने अनुभवों के आधार पर पाठ्य–वस्तु को प्रस्तुत करना शिक्षण विधि है

(D) उपरोक्त कथन असत्य है

71. विश्लेषण से संश्लेषण सूत्र की मुख्य विशेषता क्या है ?

(A) ज्ञान को छोटी–छोटी इकाई में बाँटकर प्रत्येक इकाई का विश्लेषण कर संश्लेषण करना

(B) छोटी ईकाइयों को मिलाकर सम्पूर्ण ज्ञान लेना

(C) ज्ञान को प्राप्त करके दोहराना विश्लेषण करना

(D) उक्त सभी कथन असत्य है

72. हिन्दी भाषा में प्रमुख्य शिक्षण सूत्र क्या है ?

(A) मूर्त से अमूर्त, सरल से कठिन एवं प्रकृति का अनुसरण

(B) मनोवैज्ञानिक से तार्किक की ओर, ज्ञात से अज्ञात की ओर

(C) पूर्ण से अंश की ओर, विश्लेषण से संश्लेषण की ओर, विशेष से सामान्य की ओर

(D) उक्त सभी कथन सत्य है

73. स्वयं–संशोधन का सिद्धान्त का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(A) स्वयं किसी कार्य को देखकर सीखना

(B) पुस्तकों के माध्यम से स्वयं विकास करना

(C) अपनी ध्वनियों, शब्दों एवं वाक्यों की त्रुटियों को बालक स्वयं संशोधित करें

(D) अपने वातावरण के माध्यम से स्वयं विकास करना

74. हिन्दी शिक्षण सिद्धान्तों में स्वाभाविकता सिद्धान्त की प्रमुख विशेषता क्या है ?

(A) सुनकर व बोलकर भाषा का विकास करना

(B) लेखन प्रवृति के माध्यम से भाषा का विकास

(C) कक्षा अभ्यास से भाषा का विकास

(D) उक्त कथन गलत है

75. माध्यमिक स्तर पर हिन्दी शिक्षण के प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

(A) पठन कला की निपुणता विकसित करना

(B) गति पूर्ण लेखन प्रवृति को विकसित करना

(C) स्वाध्याय की प्रवृति में वृद्धि करना

(D) उक्त कथन उचित है

76. हिन्दी भाषा के पाठ्यक्रम के तीन अंग कौन है ?

(A) शिक्षक, विद्यार्थी या पाठ्यक्रम

(B) शिक्षण, शिक्षक, पाठ्यक्रम

(C) शिक्षक, शिक्षण विधियाँ, पाठयक्रम

(D) उक्त में कोई नहीं

77. माध्यमिक स्तर पर हिन्दी भाषा का विकास किस सूत्र पर आधारित है ?

(A) क्षेत्रीय भाषा सूत्र

(B) संघीय भाषा सूत्र

(C) त्रिभाषा सूत्र

(D) उक्त सभी

78. प्राथमिक स्तर में हिन्दी शिक्षण का उद्देश्य क्या है ?

(A) लिपि ज्ञान करना, पढ़ने की आदत विकसित करना

(B) शब्द भण्डार में वृद्धि

(C) शुद्ध उच्चारण करना सिखाना

(D) उक्त सभी

79. प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा बालक के कितने कौशलों का विकास करती है ?

(A) पाँच कौशल

(B) सात कौशल

(C) नौ कौशल

(D) चार कौशल

80. हिन्दी भाषा शिक्षण में हिन्दी भाषा का क्या महत्व है ?

(A) व्यक्तित्व एवं भावात्मक विकास करना

(B) मातृभाषा, अध्ययन–अध्यायन का विकास

(C) मानसिक, सामाजिक व सांस्कृतिक विकास करना

(D) उक्त सभी कथन सत्य है

81. वाक्य संश्लेषण क्या है ?

(A) बिखरे हुए वाक्यों को एक करना

(B) वाक्यों को अलग–2 करके अर्थ निकालना

(C) बिखरे वाक्यों में नये वाक्यों को मिलाकर अर्थ स्पष्ट करना

(D) उक्त कथनों में कोई सत्य नहीं

82. हिन्दी वाक्य विज्ञान में वाक्य के आवश्यक तत्व कौन है ?

(A) सार्थकता, योग्यता

(B) आकांक्षा समीपता

(C) अन्विति

(D) उक्त सभी कथन सत्य है

83. हिन्दी वाक्य–विज्ञान में भाषा की प्रथम इकाई क्या है ?

(A) वाक्य

(B) शब्द

(C) भाव

(D) अभिव्यक्ति

84. हिन्दी शब्द विज्ञान में शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) एक या एक से अधिक अक्षरों के मेल से बनी स्वतन्त्र व सार्थक ध्वनि को शब्द कहते है

(B) एक या एस से अधिक वर्णो के योग की ध्वनि को शब्द कहते है

(C) दो शब्दों के भावों को अभिव्यक्त करना शब्द है

(D) उक्त कथन सत्य है

85. ध्वनि विज्ञान के अन्तर्गत प्रमुख विवेच्य कौन है ?

(A) ध्वनि ग्राम एवं ऐतिहासिक ध्वनि विज्ञान

(B) शारीरिक ध्वनि विज्ञान एवं ध्वनियों का वर्गीकरण

(C) तरंगीय ध्वनि विज्ञान

(D) उक्त सभी कथन सत्य है

86. हिन्दी भाषा शिक्षण में ध्वनि विज्ञान का प्रयोग कौन एवं कैसे होता है ?

(A) औच्चराणिक ध्वनि विज्ञान–बोलना

(B) श्रौतिक ध्वनि विज्ञान–सुनना

(C) तरंगीय ध्वनि विज्ञान– ध्वनि वेग

(D) उक्त सभी कथन सत्य है

87. ध्वनि विज्ञान के अन्तर्गत कौन–कौन विशेष तथ्य आवश्यक है ?

(A) भाव–विचार– श्रवण

(B) शब्द वाक्य– अभिव्यक्त

(C) उत्पादन, संवहन एवं ग्रहण

(D) अधिगम, विश्लेषण व अवलोकन

88. हिन्दी भाषा में ध्वनि विज्ञान के अन्तर्गत भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है ?

(A) भाव

(B) अभिव्यक्ति

(C) विचारों का आदान–प्रदान

(D) ध्वनि

89. संस्कृत एक संयोगात्मक भाषा है तो हिन्दी कैसी भाषा है ?

(A) सवेगात्मक भाषा

(B) भाभात्मक भाषा

(C) वियोगात्मक भाषा

(D) उक्त सभी

90. हिन्दी भाषा की प्रकृति में कौन सा तत्थ प्रमुख है ?

(A) भाषा एवं विचारों में गहन सम्बन्ध

(B) भाषा अभिव्यक्ति का एक सांकेतिक साधन है

(C) भाषा गतिशील एवं परिवर्तनशील होती है

(D) उक्त सभी कथन सत्य है

91. आधुनिक काल में हिन्दी साहित्य के विकास को कितने युगों में बाँटा गया है ?

(A) दो युगों में

(B) तीन युगों में

(C) चार युगों में

(D) छैः युगों में

92. हिन्दी साहित्य का विकास कितने कालों में हुआ ?

(A) दो कालों में

(B) चार कालों में

(C) तीन कालों में

(D) पाँच कालों में

93. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार आदिकाल में कितने प्रकार की रचनाएँ मिलती है ?

(A) तीन

(B) दो

(C) पाँच

(D) सात

94. हिन्दी साहित्य सामान्यतः किस काल से हुआ ?

(A) मध्यकाल

(B) आदिकाल

(C) बौद्धकाल

(D) पाषाणकाल

95. ''अर्थवान कण्ठोदीर्ण ध्वनि–समष्टि ही भाषा है।'' उक्त हिन्दी भाषा की परिभाषा किस भारतीय ने दी है?

(A) सुकुमारसेन

(B) श्यामचन्द्र कपूर

(C) स्वीट

(D) ए० पेई

96. भाषा की अभिव्यक्ति के मुख्यता कितने रूप है ?

(A) तीन

(B) दो

(C) चार

(D) पाँच

97. हिन्दी भाषा का अर्थ क्या है ?

(A) मनुष्य के भावों व विचारों को बोलकर एवं लिखकर प्रकट करना

(B) भाषा केवल कानों से ही नहीं आँखों का विषय है

(C) विचार–विनिमय के लिए ध्वनि के माध्यम से विविध भावों को व्यक्त करना

(D) उक्त सभी

98. संसार का सबसे प्राचीन ग्रंथ कौन सा है?

(A) ऋग्वेद

(B) अथर्ववेद

(C) सामवेद

(D) कोई नहीं

99. अपभ्रंश भाषा साहित्य के मुख्यता कितने रूप है?

(A) तीन

(B) दो

(C) चार

(D) पाँच

100. हिन्दी शब्द की उत्पत्ति किस भाषा से हुई है?

(A) संस्कृत

(B) अरबी

(C) फारसी

(D) नेपाली

******

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the answer will be marked as wrong.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination, please hand over the **<u>O.M.R. SHEET</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.